Second Year Examination of the
Three Year Degree Course, 2001

(Faculty of Commerce)

BUSINESS MANAGMENT

Company Law and Secretarial Practice

Time: 3 Hours] [Maximum Marks: 100

प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न का चयन करते हुए,
परीक्षार्थियों को कुल **पाँच** प्रश्न करने है।
सभी प्रश्नो के अंक समान है।

इकाई–1

1. (अ) ''कम्पनी का अस्तित्व अपने सदस्यों से सर्वथा भिन्न होता है।'' इस कथन की समामेलन के आवरण को हटाने वाले सिद्धान्त के संदर्भ में तर्क सहित विवेचना कीजिए। **10**
   (ब) कम्पनी के मामलों में 'शक्ति बाह्यता' के सिद्धान्त का विवेचन कीजिए। शक्ति बाह्य कार्य के क्या परिणाम होंते है? **10**

अथवा

   (अ) 'प्रवर्तक' शब्द की परिभाषा दीजिए। किसी कम्पनी के सम्बन्ध में उसके क्या कार्य होते है? उसके कार्यो के लिए कम्पनी किस प्रकार पारिश्रमिक देती है? उसके दायित्वों की विवेचना कीजिए। **12**
   (ब)''पार्षद सीमानियम कम्पनी का सबसे महत्वपुर्ण प्रलेख होता हैं।'' स्पष्ट कीजिए। इसे कैसे परिवर्तित किया जा सकता हैं? **8**

इकाई–2

2. (अ) अंश प्रमाणपत्र किसे कहते है? अंश प्रमाणपत्र निर्गमन सम्बन्धी वैधानिक प्रावधानों को बताइये। **10**
   (ब) एक सार्वजनिक कम्पनी अंशों का आबंटन किन की पूर्ति के बाद कर सकती है? अनियमित आबंटन के परिणामों की विवेचना कीजिए। **10**

अथवा

   (अ) कम्पनी के ऋण लेने के अधिकारों का विवेचन कीजिए। यदि कम्पनी अपने अधिकारों से अधिक ऋण प्राप्त कर ले तो ऋणदाता को कौन से उपचार प्राप्त होगें? **12**
   (ब) सदस्य तथा अंशधारी में अन्तर बताइये। कम्पनी के सदस्यों के अधिकारों का विवेचन कीजिए। **8**

इकाई–3

3. (अ) संचालकों के क्या अधिकार है? कम्पनी अधिनियम के अधीन उनके कर्त्तव्यों का उल्लेख कीजिए। उनके दायित्व की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। **10**
   (ब) कम्पनी के समापन से क्या आशय है? कम्पनी के समापन एवं विघटन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **10**

अथवा

   (अ) कम्पनी का अनिवार्य समापन किस प्रकार होता है? न्यायालय द्वारा समापन की दशा में नियुक्त जाँच समिति पर टिप्पणी लिखिए। **12**
   (ब) प्रबन्धक किसे कहते है? प्रबन्धक तथा प्रबध संचालक में अन्तर बताइये। **8**

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

इकाई–4

4. (अ) अंशों पर की जाने वाली याचना से क्या आशय है? अंशों पर याचना के सम्बन्ध में सचिवीय कार्यविधि का वर्णन कीजिए। **10**

(ब) लाभांश की परिभाषा दीजिए। लाभांश के भुगतान के सम्बन्ध में वैधानिक प्रावधानों को समझाइए। **10**

अथवा

(अ) अंशों के हस्ताकंन से क्या आशय है? यह अंशों के हस्तांतरण से किस प्रकार भिन्न है? अंशों के हस्तांकन के सम्बन्ध में सचिवीय कार्यविधि का वर्णन कीजिए। **15**

(ब) अंशों क हरण और अंशों के समर्पण में अन्तर कीजिए। **5**

इकाई–5

5. (अ) किसी कम्पनी के सभा के अध्यक्ष की नियुक्ति के बारे में आप क्या जानते है? उसके अधिकारों और कर्त्तव्यों को संक्षेप में बताइये। **12**

(ब) कम्पनी की वार्षिक सामान्य सभा के सम्बन्ध में कम्पनी सचिव के क्त्तव्यों को समझाइये। **8**

अथवा

(अ) संचालक मण्डल की सभा के सम्बन्ध में कानूनी व्यवस्थाओं का विवेचन कीजिए और इस सभा की सूचना और कार्यवाही का नमूना तैयार कीजिए। **15**

(ब) वैधानिक सभा के सम्बन्ध में कानूनी प्रावधानों का विवेचन कीजिए। **5**

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com